### कलेक्टर पुरुषोत्तम ने निगम अधिकारियों को बैठक में दिये निर्देश

# दीपावली के पूर्व सफाई, सड़क व प्रकाश व्यवस्था दुरस्त करें

**रतलाम। दीपावली के पूर्व शहर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, सड़कों का पेंचवर्क पूर्ण करने तथा पुरे शहर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराये जाने के निर्देश कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निगम अधिकारियों को समीक्षा बैठक के दौरान दिये।**

इन्दौर समाचार 26-10-21



कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों की ली समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि दीपावली के दौरान सभी घरों में साफ-सफाई का कार्य होता है जिससे कचरा भी अधिक मात्रा में निकलता है इसलिये घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य मुस्तैदी से किया जाये। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि शहर में किसी भी प्रकार का कचरा ना दिखाई दे इसलिये सफाई का कार्य में ओर अधिक गति लाई जाये।

सड़कों के पेंचवर्क कार्य की जानकारी लेते हुए कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देशित किया कि नगर की 40 सड़कों के पेंचवर्क के कार्य में ओर अधिक गति लाई जाये ताकि दीपावली के पूर्व पेंचवर्क का कार्य पूर्ण हो ओर नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या ना हो। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने स्ट्रीट लाईटों के सुधार कार्य की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया दीपावली पर्व पर सभी लाईटे चालू रहे इसलिये पुरे शहर में भ्रमण कर बंद स्ट्रीट लाईटों को चालू करवाया जाये। पिछली बैठक में दिये निर्देशों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेंटर की संपत्तियों की प्रापर्टी आई.डी. का कार्य 1 सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने संपत्तिकर, राजव व जलकर वसूली की जानकारी लेकर निर्देशित किया कि निगम राजस्व में वृद्धि हेतु नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी दिये गये लक्ष्य की पूर्ति नियत समयावधि में करें। बैठक में कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्य इस प्रकार से करें कि नगर निगम की छवि नागरिकों में बेहतर बनें।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, सत्यप्रकाश आचार्य, अरविन्द दशोत्तर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, अनवर कुरेशी, मनीश तिवारी, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, श्रीमती अनिता ठाकुर, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक सुनील कपूर, हरिश मिश्रा, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान आदि उपस्थित थे।

# आज द्वारका का नक्शा निरस्त हो सकता है

**धोखे की द्वारका रेजीडेंसी**

26-10 21

भास्कर संवाददाता | रतलाम

राम मंदिर के सामने अधूरी पड़ी द्वारका रेजीडेंसी का नक्शा मंगलवार को निरस्त हो सकता है। सोमवार को उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश (टीएंडसीपी) के अफसरों ने बिल्डर की सुनवाई कर ली है। शाम 4.30 बजे से लगभग पौन घंटे तक चली सुनवाई में बिल्डर ने अपना पक्ष रखने के साथ ही। नक्शा और अन्य अनुमतियों से संबंधित दस्तावेज के साथ ही हाई कोर्ट में लगाई याचिका की जानकारी भी अधिकारियों को दे दी है। टीएंडसीपी ने दस्तावेजों की जांच भी कर ली है। अब सिर्फ टीएंडसीपी आदेश जारी करना है। बता दें कि टीएंडसीपी ने 21 सितंबर 2019 को रेजीडेंसी का अभिन्यास अनुमोदित किया था। इसमें मल्टी के सामने वाली सरकार जमीन को ओपन लैंड/रोड अंकित किया है। इसी 15276 वर्गफीट सरकारी जमीन में से द्वारका रेजीडेंसी फर्म ने 8950 वर्ग फीट में बिना अनुमति के सीमेंट कांक्रीट कर सड़क बना ली थी। इसे प्रशासन ने 29 अगस्त को नपती कर लोहे की जाली लगाकर सरकारी जमीन को सुरक्षित कर लिया था। नगर निगम ने इस पर कार्रवाई करते लिए फर्म की निर्माण अनुमति निरस्त कर दी है। अब बारी टीएंडसीपी की है, नजूल एनओसी के आधार पर नक्शा पास किया है।

## 3000 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

26-10

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को 456 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस तरह अब तक 3000 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

### दो बार आग लगने की घटना के बाद कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्रवाई

# 50 से ज्यादा व्यापारियों को शहर से बाहर जाने का नोटिस

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

दो बार शहर के बीच आग लगने की घटना के बाद कलेक्टर के निर्देश पर 50 से भी ज्यादा व्यवसायियों को शहर से बाहर जाने के नोटिस दिए गए हैं।

जानकारी के अनुसार शहर में दो पाइप गोदामों में आगजनी की घटनाओं के बाद आमजन की जान माल की सुरक्षा के दृष्टिगत कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने सख्त कदम उठाते हुए आमजन के स्वास्थ्य के प्रतिकूल और खतरनाक व्यवसाय को शहर से बाहर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए थे।

उक्त निर्देश के परिपालन में एसडीएम रतलाम और नगर निगम द्वारा शहर में सर्वे कर ऐसे व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों की सूची बनाई गई। इस सूची में खासकर उन व्यवसायियों को चिह्नित किया गया, जो शहर के अंदर आमजन के स्वास्थ्य प्रतिकूल या ज्वलनशील और खतरनाक पदार्थ से संबंधित व्यवसाय संचालन से जुड़े हैं और उसका भंडारण करते हैं। अभी तक 50 के लगभग व्यापारियों को



चिह्नित कर उन्हें नोटिस दिए जाने की जानकारी सामने आई है। इन व्यापारियों को 15 दिन में अपना व्यवसाय शहर से बाहर स्थानांतरित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## पटाखा दुकानें भी अब सिर्फ इन दो स्थानों पर लगेगी

आतिशबाजी की दुकानों को लेकर भी जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। अभी तक शहर में 3 स्थान अंबेडकर मैदान, त्रिवेणी मेला परिसर और बड़बड़ क्षेत्र में आतिशबाजी की दुकानें दीपावली के त्यौहार पर लगती थी, लेकिन इस वर्ष से अंबेडकर परिसर में आतिशबाजी की दुकानें नहीं लगेगी। सिर्फ त्रिवेणी मेला परिसर और बड़बड़ में ही आतिशबाजी की दुकानें संचालित करने की अनुमति दी जाएगी।

26-10-21

## आम जनता की सुरक्षा के लिए लिया फैसला

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य के प्रतिकूल और खतरनाक व्यवसाय को आमजन के जानमाल की सुरक्षा के दृष्टिगत शहर से बाहर स्थानांतरित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस तरह के व्यवसाय से जुड़े 50 के लगभग व्यापारियों को 15 दिन का नोटिस जारी किया गया है। आतिशबाजी की दुकानें भी इस वर्ष त्रिवेणी मेला परिसर और बड़बड़ क्षेत्र में ही लगेगी। दुकानों की संख्या हर वर्ष की तरह ही रहेगी, इसमें कोई कमी नहीं की गई है।

## पटाखा विक्रय की दुकानें त्रिवेणी एवं बरबड़ मैदान पर ही लगेगी

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए हैं कि आगामी दीपावली पर्व से पूर्व शहर में लगने वाली पटाखा विक्रय की दुकानें त्रिवेणी एवं बरबड़ मैदान पर ही आयोजित स्थापित की जाए। अंबेडकर भवन पोलो ग्राउंड के समीप इस वर्ष पटाखा विक्रय की दुकानें नहीं लगाई जाएगी। गत वर्ष शहर में पटाखा विक्रय की 182 दुकानें लगी थी जो उक्त तीन स्थानों पर थी, मगर इस वर्ष दो स्थानों पर ही 182 दुकाने आवंटित की जाएगी। इनमें बरबड़ मैदान पर 45 दुकानें एवं त्रिवेणी मैदान पर 137 पटाखा विक्रेता दुकाने लगाएंगे। उल्लेखनीय है कि शहर में विगत दिनों आगजनी की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है शहर में ज्वलनशील पदार्थ का विक्रय ना हो, इस दृष्टि से अनुविभागीय अधिकारी रतलाम अभिषेक गहलोत एवं नगर निगम की टीम द्वारा विगत दिनों शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सर्वे किया गया था। इस सर्वे में 50 से अधिक व्यवसायियों अथवा स्थानों को सूचीबद्ध किया गया है, जिन्हें उक्त सामग्री को हटाने हेतु निर्देशित किया गया है। 15 दिन में विक्रेता द्वारा उक्त सामग्री वहां से नहीं हटाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

26-10-21

## नेहरू स्टेडियम के करीब नहीं लगेगी इस बार पटाखा दुकानें

26-10-21

रतलाम @ पत्रिका. शहर में दीपावली त्योहार के लिए पटाखा दुकानें इस बार नेहरू स्टेडियम के करीब डॉ. अंबेडकर मैदान में नहीं लगेगी। इसके बजाए दो पूर्व स्थान त्रिवेणी व बरबड मैदान में दुकानें लगाने की मंजूरी कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने दे दी हैं।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि आगामी दीपावली पर्व से पूर्व शहर में लगने वाली पटाखा बिक्री की दुकानें त्रिवेणी एवं बरबड मैदान पर ही आयोजित स्थापित की जाए। अंबेडकर भवन पोलो ग्राउंड के समीप इस वर्ष पटाखा बिक्री की दुकानें नहीं लगाई जाएगी। गत वर्ष शहर में पटाखा बिक्री की 182 दुकानें लगी थी जो उक्त तीन स्थानों पर थी। मगर इस वर्ष दो स्थानों पर ही 182 दुकाने आवंटित की जाएगी। इनमें बरबड मैदान पर 45 दुकानें एवं त्रिवेणी मैदान पर 137 पटाखा विक्रेता दुकानें लगाएंगे। असल में शहर में विगत दिनों आगजनी की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने निर्णय लिया है शहर में ज्वलनशील पदार्थ का विक्रय नहीं हो।

पत्रिका 26-10

## इस बार त्रिवेणी एवं बरबड पर लगेगा पटाखों बाजार

रतलाम। हर साल दिवाली के पहले पोलो ग्राउंड पर लगने वाली पटाखा दुकाने इस बार नहीं लगेगी। शहर में पिछले दिनों हुई आगजनी की घटनाओं के बाद प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। अब पटाखों की दुकाने केवल त्रिवेणी और बरबड़ के मैदानों में ही लगेगी। गत वर्ष पटाखा विक्रय की 182 दुकानें तीन स्थानों पर थी। इस वर्ष दो स्थानों पर ही 182 दुकाने आवंटित होगी। बरबड मैदान पर 45 दुकानें एवं त्रिवेणी मैदान पर 137 पटाखा विक्रेता दुकाने लगेगी।

## शहर के 100% कचरे का होगा निष्पादन, डीपीआर तैयार

26-10-21 भास्कर

रतलाम | शहर से हर रोज निकलने वाले लगभग 1 मीट्रिक टन कचरे का जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर वैज्ञानिक तरीके से 100 प्रतिशत निष्पादन किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम ने डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर ली है। सोमवार शाम सिविक सेंटर स्थित एसबीएम सेल में इसका प्रजेंटेशन हुआ। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कचरा निष्पादन के लिए ट्रेंचिंग ग्राउंड में प्लांट लगाया जाएगा। इसमें गीले कचरे से खाद बनाई जायेगी। सूखे व अन्य अनुपयोगी कचरे के निष्पादन के लिए लैंडफील तैयार किया जाएगा।

## पटाखा विक्रय की दुकानें त्रिवेणी एवं बरबड मैदान पर ही लगेगी

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए हैं कि आगामी दीपावली पर्व से पूर्व शहर में लगने वाली पटाखा विक्रय की दुकानें त्रिवेणी एवं बरबड मैदान पर ही आयोजित स्थापित की जाए। अंबेडकर भवन पोलो ग्राउंड के समीप इस वर्ष पटाखा विक्रय की दुकानें नहीं लगाई जाएगी। गत वर्ष शहर में पटाखा विक्रय की 182 दुकानें लगी थी जो उक्त तीन स्थानों पर थी मगर इस वर्ष दो स्थानों पर ही 182 दुकाने आवंटित की जाएगी। इनमें बरबड मैदान पर 45 दुकानें एवं त्रिवेणी मैदान पर 137 पटाखा विक्रेता दुकाने लगाएंगे। उल्लेखनीय है कि शहर में विगत दिनों आगजनी की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है शहर में ज्वलनशील पदार्थ का विक्रय ना हो, इस दृष्टि से अनुविभागीय अधिकारी रतलाम श्री अभिषेक गहलोत एवं नगर निगम की टीम द्वारा विगत दिनों शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सर्वे किया गया था। इस सर्वे में 50 से अधिक व्यवसायियों अथवा स्थानों को सूचीबद्ध किया गया है जिन्हें उक्त सामग्री को हटाने हेतु निर्देशित किया गया है। 15 दिन में विक्रेता द्वारा उक्त सामग्री वहां से नहीं हटाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क का पेचवर्क, सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करें

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**
दीपावली के पूर्व शहर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, सड़कों का पेचवर्क पूर्ण करने तथा पूरे शहर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराए जाने के निर्देश कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निगम अधिकारियों को समीक्षा बैठक के दौरान दिए। 26/10/21

कलेक्टर ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों की ली समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि शहर में किसी भी प्रकार का कचरा ना दिखाई दे इसलिए सफाई का कार्य में ओर अधिक गति लाई जाये।

**कलेक्टर ने निगम अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश**

सड़कों के पेचवर्क कार्य की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि नगर की 40 सड़कों के पेचवर्क के कार्य में और अधिक गति लाई जाए ताकि दीपावली के पूर्व पेचवर्क का कार्य पूर्ण हो और नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या ना हो। कलेक्टर ने स्ट्रीट लाइटों के सुधार कार्य की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया दीपावली पर्व पर सभी लाइटें चालू रहे इसलिए पूरे शहर में भ्रमण कर बंद स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाया जाए। पिछली बैठक में दिए निर्देशों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेंटर की संपत्तियों की प्रापर्टी आई.डी. का कार्य 1 सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने गोपाल गौशाला, नित्यानन्द मार्केट, फूड जोन, सुभाषचन्द्र शॉपिंग कॉम्प्लेक्स आदि के संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी ली साथ प्रधानमंत्री आवास योजना में निर्मित फ्लैटों का विक्रय अधिक से अधिक हो इस हेतु की गई कार्रवाई की जानकारी ली। कलेक्टर ने संपत्ति कर, राजस्व व जल कर वसूली की जानकारी लेकर निर्देशित किया कि निगम राजस्व में वृद्धि हेतु नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी दिए गए लक्ष्य की पूर्ति नियत समयावधि में करें। आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

26-10

दीपावली बाद तीस हजार लोगों के लिए सौगात

# अमृत सागर तालाब में से जलकुंभी निकालने नगर निगम खरीदेगा मशीन

## दिल्ली की कंपनी का टेंडर हुआ मंजूर, 10 साल तक करेगी काम

पत्रिका

26-10-21

एक्सक्लूसिव

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. दीपावली बाद शहर के अमृत सागर तालाब के करीब रहने वाले करीब 30 हजार रहवासियों को एक बड़ी सौगात मिलेगी। अमृत सागर तालाब की जलकुंभी व गाद से परेशान रहवासियों को मुक्ति दिलाने निगम ने 2.70 करोड़ रुपए की निविदा को मंजूर कर दिया है। योजना अनुसार दीपावली के तुरंत बाद से अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकलना शुरू होगी। इस निविदा के अलावा तालाब की गाद निकालने के लिए नवंबर माह में ही नगर निगम 3.47 करोड़ रुपए की अतिरिक्त निविदा को मंजूरी देने जा रही है। बता दे कि इस क्षेत्र में कार्तिक व्यायामशाला के सत्तु पहलवान धर्म ध्वजा यात्रा तालाब को बेहतर करने के निकाले हुए है, सोमवार को यात्रा का 288वां दिन था।

केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वर्ष 2017 में आर्द्र भूमि संरक्षण नियम बनाया था। दिसंबर 2019 में मंत्रालय ने नगर निगम की पहल पर 2100.9721 लाख रुपए की परियोजना को मंजूरी दी है। इस राशि में निगम अमृत सागर को पूरा साफ करते हुए जलकुंभी तो निकलवाना ही है इसके साथ साथ वर्षो से जो गाद जमी हुई है उसको भी साफ करवाना है। इसके बाद इस क्षेत्र में तालाब में नोकाविहार की शुरुआत सहित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अमृत सागर तालाब क्षेत्र के बगीचे को और बेहतर संवारा जाएगा।

### इस तरह चली कार्रवाई

असल में 24 सितंबर 2020 को अमृत सागर तालाब के संरक्षण, संवर्धन, उन्नयन, सौंदर्यीकरण के लिए गठित वित्तिय कमेटी की बैठक हुई थी। कुल 10 प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई। सबसे पहले अमृत सागर तालाब में जो जलकुंभी, खरपतवार, काई, झाड़ियां आदि हो गई है, उसको निकालने के लिए विशेष मशीन की खरीदी की जाना जरूरी माना गया। निगम के अनुसार एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन को खरीदने के बाद ही तालाब में से जलकुंभी को निकालना शुरू किया जाएगा।

### अमृतसागर तालाब से गाद भी निकाली जाएगी

नगर निगम ने मशीन खरीदी के लिए तो टेंडर किए ही है इसके साथ साथ इस कार्य को 10 वर्ष तक संचालित किया जाए व बार बार जलकुंभी नहीं जमे इसके लिए ही 2.70 करोड़ रुपए की निवि[...]
साल के लिए की गई है। ऐसा [...]
कि नगर निगम अमृत सागर [...]
से सिर्फ जलकुंभी को ही निक[...]
इसके अलावा नौकाविहार [...]
बेहतर हो सके इसके लि[...]
निकालना भी जरूरी है। इसके [...]
नवंबर माह में 3.47 करोड़ रु[...]
निविदा को भी मंजूर किया [...]
गाद निकालने की निविदा दो [...]
में निकाली है, लेकिन कम रा[...]
से कोई ने निविदा नहीं भरी [...]
निगम ने राशि को बढ़ा दिया

### शुरू करेंगे कार्य

अमृत सागर तालाब में [...]
जलकुंभी निकालने के
लिए निविदा मंजूर हो गई है।
वर्क ऑर्डर इसी माह दे दिए
जाएंगे। दीपावली बाद कार्य [...]
शुरुआत हो जाएगी। इस का[...]
से शहर के 30 हजार से अ[...]
रहवासियों को लाभ होगा। -
**सोमनाथ झारिया**, आयुक्त
निगम

## कलेक्टर पुरुषोत्तम ने निगम अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश

# दीपावली के पूर्व सफाई, सड़क व प्रकाश व्यवस्था दुरस्त करें

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



दीपावली के पूर्व शहर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, सड़कों का पेंचवर्क पूर्ण करने तथा पूरे शहर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराए जाने के निर्देश कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निगम अधिकारियों को समीक्षा बैठक के दौरान दिए।

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों की ली समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि दीपावली के दौरान सभी घरों में साफ-सफाई का कार्य होता है, जिससे कचरा भी अधिक मात्रा में निकलता है, इसलिए घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य मुस्तैदी से किया जाए।

साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि शहर में किसी भी प्रकार का कचरा ना दिखाई दे, इसलिए सफाई का कार्य में ओर अधिक गति लाई जाए। सड़कों के पेंचवर्क कार्य की जानकारी लेते हुए कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देशित किया कि नगर की 40 सड़कों के पेंचवर्क के कार्य में ओर अधिक गति लाई जाए, ताकि दीपावली के पूर्व पेंचवर्क का कार्य पूर्ण हो ओर नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या ना हो।

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने स्ट्रीट लाईटों के सुधार कार्य की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया दीपावली पर्व पर सभी लाईटे चालू रहे, इसलिए पूरे शहर में भ्रमण कर बंद स्ट्रीट लाईटों को चालू करवाया जाए।

पिछली बैठक में दिए निर्देशों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेंटर की संपत्तियों की प्रापर्टी आई. डी. का कार्य 1 सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने संपत्तिकर, राजव व जलकर वसूली की जानकारी लेकर निर्देशित किया कि निगम राजस्व में वृद्धि हेतु नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी दिए गए लक्ष्य की पूर्ति नियत समयावधि में करें। बैठक में कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरुषोत्तम ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्य इस प्रकार से करें कि नगर निगम की छवि नागरिकों में बेहतर बनें।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, सत्यप्रकाश आचार्य, अरविन्द दशोत्तर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, मनीश तिवारी, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, श्रीमती अनिता ठाकुर, निज सहायक सुभाष गोयल, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक सुनील कपूर, हरिश मिश्रा, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान आदि उपस्थित थे।

प्रसारण
26-10-24

### रहवासी बोले 15 दि[illegible] पानी 5 से 10 मिनट आ रहा

# पानी को लेकर 65 मिनट चक्काजाम

सिटी हैपनिंग

26-10-21



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर के माणकचौक थाना अंगर्तत तेजानगर की गली नंबर दो के रहवासियों ने सोमवार सुबह 65 मिनट तक पेयजल की समस्या को लेकर चक्काजाम कर दिया। रहवासियों का कहना था कि 15 दिन से कभी 5 मिनट तो कभी 10 मिनट ही नल में पीने का पानी मिल पा रहा है। चक्काजाम की सूचना मिलने के बाद पहले माणकचौक थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया तो बाद में निगम के पेयजल विभाग के कार्यपालनयंत्री हनीफ शेख टभ्म के साथ पहुंचे।

सुबह होते करीब 8 बजे तेजानगर में गली दो के रहवासियों ने आरके पोरवाल के नेतृत्व मे चक्काजाम कर दिया। काम पर जाने वालों के वाहनों लंबी कतार लग गई। रहवासी आक्रोशित नजर आ रहे थे कि उनके क्षेत्र में कुछ लोग पेयजल वितरण के समय नल में सीधे मोटर लगा देते है, जिससे उनके घर तक पानी नहीं पहुंचता है।

## पुलिस आई पहले

चक्काजाम की सूचना पर माणकचौक पुलिस पहुंची। थाना प्रभारी राजोरिया ने आंदोलन करने वालों से चर्चा की। राजोरिया तो रहवासियों ने समस्या बताने की शुरुआत की ही थी की कुछ देर बाद नगर निगम के पेजजल विभाग के कार्यपालन यंत्री शेख टीम के साथ पहुंच गए। इसके बाद रहवासियों ने जमकर निगम के अधिकारियों को सुनाई। आंदोलन के दौरान कुछ लोगों ने अपने हाथ में पूरे वर्ष का भरा हुआ पेयजल कर की रसीद भी दिखाई। करीब 20 मिनट तक आंदोलन करने वाले रहवासियों व निगम अधिकारियों में चर्चा हुई।

## सभी की बात सुनी गई

आंदोलनकारियों की बात सुनी गई। उनके क्षेत्र में पेयजल वितरण के समय दल भेजकर परीक्षण किया जाएगा कि कौन नल में सीधे मोटर लगाकर पानी ले रहा है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

- **हनीफ शेख,** कार्यपालनयंत्री, पेयजल विभाग, नगर निगम

# हफ्तेभर में तैयार होंगे प्रस्ताव

25-10-21

रतलाम, नप्र। गोल्ड कॉम्प्लेक्स और जिला जेल की रीडेंसिफिकेशन योजना के तहत रतलाम में होने वाले विकास एवं विस्तार कामों पर विधायक चेतन्य काश्यप की मौजूदगी में चर्चा की गई।

हाउसिंग बोर्ड की ओर से दोनों योजनाओं के तहत होने वाले कामों के प्रस्ताव अगले सप्ताह तैयार करने की जानकारी दी गई। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, हाउसिंग बोर्ड इंदौर वृत के उपायुक्त एवं जेल के प्रदेश नोडल अधिकारी यशवंत दोहरे, उज्जैन वृत के उपायुक्त प्रबुद्ध पाराते, कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत तथा तहसीलदार गोपाल सोनी मौजूद रहे।



बैठक में रिडेंसीफिकेशन योजना के तहत जिला जेल को शहर के बाहर शिफ्ट करने तथा उसकी जगह पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने के साथ-साथ हासिल होने वाली राशि से विभिन्न नवनिर्माण करने की योजना पर चर्चा हुई। इसी प्रकार गोल्ड कॉम्प्लेक्स से मिलने होने वाली राशि से किए जाने वाले निर्माण कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। दोनों योजनाओं के तहत प्रमुख रुप से जिला चिकित्सालय का 300 बिस्तरीय अत्याधुनिक भवन बनाने की योजना बताई गई। इसके साथ ही एक हजार सीट का ऑडिटोरियम एवं स्पोर्ट्स काम्पलेक्स बनाने का प्रस्ताव भी तैयार करने को कहा गया। बैठक में माणकचौक स्कूल को दूसरी जगह पर अत्याधुनिक सुविधाओं वाला स्कूल बनाने पर जोर देते हुए कहा कि माणकचौक स्कूल की जगह पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने और सार्वजनिक उपयोग के लिए मध्यम व छोटे दुकानदारों को जगह देने के लिए कॉम्प्लेक्स बनाने करने पर सहमति दी गई। बैठक में रिडेंसीफिकेशन योजना की राशि से बनने वाले अन्य शासकीय भवनों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के लिए चर्चा की। दोहरे ने कहाकि अगले हफ्ते प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाएगा ताकि कामों को जल्द ही गति मिले

# पानी की समस्या को लेकर तेजानगर के क्षेत्रवासियों ने किया चक्काजाम

## अधिकारियों व क्षेत्रवासियों के बीच हुई तीखी बहस

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पानी की समस्या को लेकर तेजानगर क्षेत्र के रहवासियों ने सोमवार सुबह चक्काजाम कर दिया। तेजानगर क्षेत्र की मुख्य सड़क पर चक्काजाम किए जाने की जानकारी मिलने पर माणकचौक थाने व नगर निगम से अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की समझाइश के बाद क्षेत्रवासी शांत हुए। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने एक माह में समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

पिछले कई दिनों से पानी की समस्या से परेशान तेजानगर क्षेत्र के ब्लॉक 2 व 3 के क्षेत्रवासियों ने पूर्व पार्षद प्रतिनिधि विनोद राठौड़ के नेतृत्व में चक्काजाम कर दिया। राठौड़ ने बताया पानी की समस्या को लेकर क्षेत्रवासी काफी समय से परेशान है। क्षेत्र में धोलावड़ की पाइप लाइन 4 इंची डली हुई है। इस कारण पानी का फोर्स कम आता है। पिछले चार सालों से क्षेत्रवासी परेशान हो रहे हैं। कई बार निगम के अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी क्षेत्र में 8 इंच पाइप लाइन नहीं डाली जा रही है। क्षेत्र में लगे ट्यूबवेल की मोटर 20 दिन में तीन बार जल गई है। पानी की समस्या को लेकर परेशान क्षेत्रवासियों ने चक्काजाम कर दिया। चक्का जाम की जानकारी मिलने पर नगर निगम के जल प्रदाय प्रभारी हनीफ शेख, माणकचौक थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया सहित निगम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच गए थे। अधिकारियों द्वारा समझाइश देने के बाद सभी शांत हो गए थे।



चक्काजाम करते हुए क्षेत्रवासी। इनसेट-अधिकारियों व क्षेत्रवासियों की हुई तीखी बहस।

## वॉल्व खराब था ठीक करवा दिया

क्षेत्र की पाइप लाइन का वॉल्व खराब था उसे तुरंत ठीक करवा दिया है। ट्यूबवेल की मोटर में भी इलेक्ट्रिक फॉल्ट था जिसे भी बाहर निकलवाकर सुधरा दिया गया है। क्षेत्र में पानी की सप्लाई शुरू हो गई है। रही बात पाइप लाइन बदलने की तो उसका परीक्षण करवाया जाएगा, आवश्यकता लगी तो एस्टीमेट बनवाकर टेंडर लगवा कर उसे बदलवाएंगे।
**हनीफ शेख,** जल प्रदाय प्रभारी, नगर निगम

# कचरा निष्पादन के लिए जुलवानिया में प्लांट

रतलाम। शहर से प्रतिदिन निकलने वाले करीब एक मीट्रिक टन कचरे का जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर 100 प्रतिशत वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन के लिए आधुनिक प्लांट लगाए जाने की तैयारी है। प्लांट की डीपीआर का प्रजेंटेशन सोमवार को सिविक सेंटर स्थित एसबीएम सेल में दिया गया।

"निगम" आयुक्त सोमनाथ झारिया बताया कि प्लांट पर गीले कचरे से खाद बनाई जाएगी। सूखे कचरे के निष्पादन के लिए एमआरएफ/आरडीए का निर्माण कर अनुपयोगी कचरे से भी वैज्ञानिक तरीके से लैंडफील का निर्माण किया जाएगा। इससे शहर पूर्णतः कचरा मुक्त होकर साफ-स्वच्छ रहेगा। खास बात यह है कि करीब 11 करोड़ रुपये की प्रारंभिक लागत की योजना में नगर निगम को सिर्फ परिसर ही देना होगा। प्लांट व अन्य सभी कार्य टेंडर लाने वाली फर्म ही लगाएगी और 10 साल तक संचालित भी करेगी। इसके एवज में प्रतिटन अधिकतम 600 रुपये देने की दर निगम ने तय की है। इस दौरान पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, पर्यावरणविद् डा. खुशालसिंह पुरोहित कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, उपयंत्री राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, इंदौर से मोहित मोहनवानी, विकास श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

नई दुनिया 26-10-21

## एक मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को एक मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 36165, ट्रैक्टर-ट्राली से 11450, काम्पेक्टर सूखा कचरा 27825, काम्पेक्टर गीला कचरा 29170 कुल 104610 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। 26-10

# पटाखे की दुकानें त्रिवेणी व बरबड़ मैदान पर ही लगेगी

26-10-21

रतलाम। दीपावली से पूर्व शहर में लगने वाली पटाखे की दुकानें इस बार त्रिवेणी एवं बरबड़ मैदान पर ही लगेगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए हैं कि आंबेडकर भवन पोलो ग्राउंड के समीप इस वर्ष पटाखा विक्रय की दुकानें नहीं लगाई जाएं। गत वर्ष शहर में पटाखा विक्रय की 182 दुकानें तीन स्थानों पर लगाई गई थी। इस वर्ष दो स्थानों पर ही 182 दुकाने आवंटित की जाएंगी। इनमें बरबड मैदान पर 45 व त्रिवेणी मैदान पर 137 पटाखा विक्रेता दुकान लगाएंगे। मालूम हो कि शहर में गत दिनों आगजनी की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि शहर में ज्वलनशील पदार्थ का विक्रय ना हो। इसे लेकर एसडीएम शहर अभिषेक गहलोत एवं नगर निगम की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सर्वे कर 50 से अधिक व्यवसायियों अथवा स्थानों को सूचीबद्ध कर उनके संचालकों को उक्त सामग्री को हटाने के लिए निर्देशित किया गया है। 15 दिन में विक्रेता द्वारा सामग्री नहीं हटाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# कौशल प्रशिक्षण औपचारिक नहीं हो- कलेक्टर

रतलाम ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने एनयूएलएम के तहत जिले के नगरीय क्षेत्रों में 2280 लोगों के आगामी समय में आयोजित होने वाले कौशल प्रशिक्षण के संबंध में निर्देश दिए है कि यह प्रशिक्षण किसी तरह से औपचारिक नहीं होना चाहिए। हेल्थ केयर, आईटी, रिटेल, फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षित किया जाना है। सैलाना-बाजना क्षेत्र से अधिक युवाओं की सहभागिता हो। प्राप्त आवेदकों के चयन में योग्य एवं जरूरतमंद युवाओं को सम्मिलित किया जाएगा, इसके लिए कलेक्टर स्वयं आवेदकों की पात्रता परखेंगे।

# पटाखा दुकानें त्रिवेणी एवं बरबड मैदान पर ही लगेंगी

रतलाम ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए हैं कि आगामी दीपावली पर्व से पूर्व शहर में लगने वाली पटाखा विक्रय की दुकानें त्रिवेणी एवं बरबड मैदान पर ही आयोजित स्थापित की जाए। आंबेडकर भवन पोलोग्राउंड के समीप इस वर्ष पटाखा विक्रय की दुकानें नहीं लगाई जाएगी। गत वर्ष शहर में पटाखा विक्रय की 182 दुकानें लगी थी जो उक्त तीन स्थानों पर थी मगर इस वर्ष दो स्थानों पर ही 182 दुकानें आवंटित की जाएंगी। इनमें बरबड मैदान पर 45 दुकानें एवं त्रिवेणी मैदान पर 137 पटाखा विक्रेता दुकाने लगाएंगे।